पेज थ्री देहरादून

देहरादून, मंगलवार, 9 नवंबर 2021 पेज 8



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गायक दलेर मेहंदी भेंट करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। सोमवार को नहाय खाय के साथ सूर्यदेव की पूजा का छठ महापर्व शुरू हो गया। मान्यता है कि सूर्य षष्ठी यानी छठ में हर मनोकामना पूरी होती है। पछवादून में पूर्वांचली समाज के परिवारों ने सुबह घर की सफाई कर उसे पवित्र किया। मिट्टी के नए चुल्हे बनाए। इसके पश्चात छठव्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। भोजन के रूप में कद्दू–दाल, चावल, चने की दाल व लौकी बनाई गई। भगवान सूर्य की उपासना के साथ शुरू हुए छठ पर्व को लेकर सभी पूर्वांचली परिवारों में विशेष उत्साह देखा गया। हालांकि, कोरोना संक्रमण के चलते पूर्वांचली परिवार इस बार भी घरों पर ही पर्व मनाएंगे।

### उक्रांद पौड़ी जिलाध्यक्ष समेत उनके समर्थक कांग्रेस में शामिल हुए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल व पूर्व मुख्यमंत्री व चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत की उपस्थिति में उत्तराखंड क्रांति दल पौड़ी जिले के अध्यक्ष मनमोहन पंत ने अपने दर्जनों साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। सोमवार दोपहर करीब एक बजे राजपुर रोड कांग्रेस मुख्यालय में मनमोहन पंत व उनके साथियों को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। पंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश की एकमात्र पार्टी है जिसने हर वर्ग, जाति व हर धर्म का सम्मान किया है।

### पेयजल और ठोस कूड़ा प्रबंधन के लिए धन को नहीं तरसेंगे शहरी निकाय

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के सभी नगर निकायों और छावनी परिषदों को पेयजल और ठोस कूड़ा प्रबंधन में अब धन के संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। टाइड ग्रांट के रूप में प्राप्त धनराशि में से 31.35 करोड़ की राशि पेयजल और 31.35 करोड़ की राशि ठोस कूड़ा प्रबंधन पर खर्च की जाएगी। प्रदेश में आठ नगर निगम समेत 92 निकायों और छह छावनी परिषदों के लिए 62.70 करोड़ की टाइड ग्रांट जारी तो की गई है, लेकिन दो बराबर भागों में विभाजित कर खर्च किया जाना है।

### परिवहन विभाग की टीम ने ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाया सघन चेकिंग अभियान

**संवाददाता** चकराता/त्यूणी। जौनसार–बावर में ओवरलोडिंग के विरुद्ध चल रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान प्रभारी एआरटीओ प्रवर्तन एसके निरंजन ने करीब डेढ़ दर्जन यूटिलिटी गाड़ी की छत पर लगे कैरियर व जाल हटाए।

## उत्तराखंड की तीन हस्तियों को पद्म सम्मान से नवाजा गया

**सम्मान**

■ प्रख्यात पर्यावरणविद अनिल जोशी को मिला पद्मभूषण सम्मान

**संवाददाता**

देहरादून। देश के प्रख्यात पर्यावरणविद डा. अनिल प्रकाश जोशी को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवारक को दिल्ली स्थित अपने भवन में पद्मभूषण सम्मान से नवाजा। इस सम्मान के लिए डा. जोशी के नाम की घोषणा बीते वर्ष जनवरी में की गई थी, लेकिन तब कोरोना महामारी के विकराल होने के कारण सामूहिक सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया जा सका। डा. जोशी को पर्यावरण और हिमालय के संरक्षण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। वहीं, डा योगी ऐरन और कल्याण सिंह रावत को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया।

करीब 71 प्रतिशत वन भूभाग वाले उत्तराखंड में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से पार पाने के लिए



**देश-विदेश में जाने जाते हैं डॉ. जोशी**

डा. अनिल प्रकाश जोशी पर्यावरण की बेहतरी को किए गए अपने कार्यों और प्रयासों के लिए देश–विदेश में जाने जाते हैं। वह हरित कार्यकर्त्ता होने के साथ ही हिमालयन पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन (हेस्को) के संस्थापक भी हैं। डा. जोशी मुख्य रूप से पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और संरक्षण के लिए पारिस्थितिकी समावेशी अर्थव्यवस्था के विचार को लेकर आए।

डा. जोशी वर्ष 2010 से विभिन्न मंचों से राज्य में सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) के आकलन की पैरवी करते रहे। जीईपी के महत्व को समझते हुए इसी वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर सरकार ने निर्णय लिया कि राज्य में अब जीडीपी की तर्ज पर जीईपी का आकलन किया जाएगा।

इससे पता चल पाएगा कि राज्य से मिल रही पर्यावरणीय सेवाओं का मूल्य क्या हैं। इनमें किस तरह की बढ़ोतरी या कमी दर्ज की जा रही है। इसके अलावा हिमालय दिवस पर वृहद स्तर पर आयोजन कर डा. जोशी लगातार हिमालय संरक्षण की बात को उठाते रहे हैं। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि हिमालयी राज्यों की सरकारें, विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थाएं व विश्वविद्यालय इस ओर गंभीरता से काम कर रहे हैं।

**इन्हें मिला पद्मश्री सम्मान**

**डा. योगी ऐरनः** डा. योगी ऐरन दून अस्पताल समेत विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में सेवाएं दे चुके हैं। डा. योगी अनुभवी प्लास्टिक सर्जन हैं और पर्यावरण के ऐसे प्रेमी हैं कि उन्होंने अपने जीवन की अभी तक की पूरी पूंजी खुद के तैयार किए वन जंगल मंगल को बनाने में लगा दिया। 84 साल के डा. योगी ऐरन आज भी लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। बुजुर्ग प्लास्टिक सर्जन डॉ. योगी ऐरन अब तक 5000 से अधिक निश्शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कर चुके हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**कल्याण सिंह रावतः** मैती आंदोलन के जनक कल्याण सिंह रावत को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान व मैती आंदोलन के जरिये 18 से अधिक राज्यों व कई देशों में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने वाले कल्याण सिंह रावत मैती ने देश और दुनिया में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

### मुख्यमंत्री धामी से मिले गायक दलेर मेहंदी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में गायक दलेर मेहंदी ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने दलेर मेंहदी को युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उनकी गायकी समाज में जन जागरण के साथ ही सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देने का कार्य करती है। उन्होंने दलेर मेहंदी को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया।
दलेर मेहंदी ने हेमकुंड साहिब को रोपवे से जोड़े जाने की योजना के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। गायक दलेर मेहंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी की तपस्थली हेमकुंड साहेब को रोपवे से जोड़े जाने की बहुत बड़ी घोषणा की है जो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने इसके लिए पूरे सिक्ख समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दिल से आभार प्रकट किया। दलेर मेहंदी ने गुरू नानक महाराज से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की अच्छी सेहत और लंबी उम्र प्रदान करने की भी प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इन दोनों के द्वारा यह बड़ा पुण्य का काम हुआ है।

## सीएम ने किया 'बातें कम–काम ज्यादा'' गीत का विमोचन

**लॉन्च**

■ विकास कार्यों पर आधारित गीत ''बातें कम–काम ज्यादा'' को यू–ट्यूब पर लॉन्च

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में ''बातें कम–काम ज्यादा'' गीत का विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली, व्यवहार, आचार–विचार, युवा जोश, सकारात्मक सोच एवं उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर आधारित गीत ''बातें कम–काम ज्यादा'' को यू–ट्यूब पर लॉन्च किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गीत के माध्यम से सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर जो प्रयास किये जा रहे हैं, इनका समावेश कर गीत के रूप में प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

हिन्दी भाषा में तैयार किये गये इस गीत की निर्माता श्रीमती सावित्री बसेड़ा, निर्देशक डी.एस. बिष्ट व रिकॉर्डिंग/मास्टरिंगधमिक्सिंग का कार्य पवन गुसांई द्वारा किया गया है। इस गीत में संगीत श्री राकेश भट्ट द्वारा दिया गया है तथा भूपेन्द्र बसेड़ा, मनोज सिंह सामन्त, भगत मेहता, सुश्री सोनम एवं सुश्री राजलक्ष्मी एवं अन्य साथी कलाकारों द्वारा इस गीत को संयुक्त रूप से स्वर प्रदान किया गया है।

गीत के विमोचन के अवसर विधायक देशराज कर्णवाल, गीत से जुड़े हुये बी.बी. इंटरटेनमेंट की टीम एवं गीत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कलाकार उपस्थित थे।



### स्थापना दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का तोहफा दे राजभवन

**संवाददाता** विकासनगर। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने संबंधी विधेयक तत्कालीन हरीश रावत सरकार ने पास किया था, जोकि लगभग 5–6 साल से राजभवन में लंबित है। 'मोर्चा ने राजभवन से मांग की है कि राज्य स्थापना दिवस (9 नवंबर) के अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का तोहफा देकर आंदोलनकारियों की भावनाओं का सम्मान करें।
नेगी ने कहा कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा आंदोलनकारियों को आरक्षण दिए जाने संबंधी सरकार के आदेश पर 26/08/2013 व 01/04/2014 के द्वारा रोक लगा दी गई थी, जिसके पश्चात पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों के हक में विधेयक लाया गया था तथा स्वीकृति हेतु राजभवन को भेजा गया था।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।